History Class 12 Important Question Chapter 7 एक साम्राज्य की राजधानी : विजयनगर

प्रश्न 1 : आयंगर व्यवस्था के विषय में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर : आयंगर व्यवस्था विजयनगर साम्राज्य के ग्रामीण प्रशासन की व्यवस्था थी | प्रशासन की सबसे छोटी इकाई गांव या उर होती थी | आयंगर व्यवस्था के तहत प्रत्येक उर या ग्राम को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में संगठित किया गया था | इस पर प्रशासन के लिए बारह शासकीय व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता था | इन्हीं बारह शासकीय अधिकारियों के समूह को आयंगर कहा जाता था | इस समूह को गांव से कर इकट्ठा करने, भूमि बेचने तथा छोटे-मोटे मामलों में न्याय करने का अधिकार था |

प्रश्न 2 : विजयनगर कालीन सिंचाई व्यवस्था की विवेचना कीजिए |

उत्तर : विजयनगर के शासकों ने सिंचाई व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान दिया | विजयनगर चारों ओर से ग्रेनाइट की चट्टानों से घिरा था | इन चट्टानों से कई जलधाराएं फुटकर तुंगभद्रा नदी में मिलती थी | इससे एक प्राकृतिक कुंड का निर्माण हुआ था | इन सभी धाराओं को बांधकर पानी के हौज बनाए गए थे , इन्हीं में से एक धाराओं का नाम कमलपुरम जलाशय था | इससे आसपास के खेतों की सिंचाई की जाती थी | इससे एक नहर भी निकाली गई थी | इनसे धान के खेतों और बगीचों की सिंचाई की जाती थी |

प्रश्न 3 :विजयनगर राज्य के पतन के कारणों को लिखिए |

उत्तर : विजयनगर राज्य के पतन के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं-

i. निरंकुश शासन
ii. उत्तराधिकारी के झगड़े
iii. मुस्लिम राज्यों से संघर्ष

प्रश्न 4 :कॉलिन मैकेंजी कौन थे ?

उत्तर : कॉलिन मैकेंजी ईस्ट इंडिया कंपनी में कार्यरत एक अधिकारी थे। वे एक अभियंता, पुरातत्व सर्वेक्षक एवं मानचित्रकार थे। हंपी के खंडहरों की खोज 1800 ई. में इन्होंने ही की थी। उन्होंने इस जगह का प्रथम सर्वेक्षण मानचित्र तैयार किया । 1815 में उन्हें भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वे इस पद पर बने रहे।

प्रश्न 5 : विजयनगर साम्राज्य में नायक किन्हें कहते थे ? वे कौन होते थे ?

उत्तर : विजयनगर साम्राज्य में सेना प्रमुखों को नायक कहा जाता था। वे किलों पर नियंत्रण रखते थे। उनके पास सशस्त्र समर्थक होते थे । यह सेना प्रमुख एक जगह से दूसरी जगह तक भ्रमणशील रहते थे। यह तेलगु ,कन्नड़ भाषा बोलते थे।

प्रश्न 6 : विजयनगर के कमलपुरम जलाशय हौज़ का एक महत्व बताइए ।

उत्तर : इस हौज़ के पानी से न सिर्फ आसपास के खेतों को सींचा जाता था बल्कि इसे एक नहर के जरिए "राजकीय केंद्र" तक भी ले जाया जाता था।

प्रश्न 7 :विजयनगर साम्राज्य में आने वाले दो विदेशी यात्री के नाम लिखे ?

उत्तर :

i. निकोलो कॉन्ती-इटली का व्यापारी था। 15वीं शताब्दी में भारत की यात्रा की थी।
ii. अब्दुर रज्जाक :देवराज द्वितीय के शासनकाल में भारत आया था।

प्रश्न 8 :विजयनगर साम्राज्य की स्थापत्य कला की विशेषताओं का उल्लेख करें |

उत्तर : विजय नगर के स्थापत्य कला को लौकिक एवं धार्मिक दो भागों में विभक्त किया जा सकता है |लौकिक वास्तुकला में कमल महल एवं हाथियों का अस्तबल प्रमुख है | कमल महल शाही केंद्र का एक सर्वाधिक भवन भवन है | संभवत इस भवन का प्रयोग राजा अपने सलाहकारों से मिलने के लिए करता था | कमल महल के पास ही हाथियों को रखने के लिए अस्तबल था |धार्मिक स्थापत्य में विजयनगर साम्राज्य में अनेक मंदिर बनवाए गए | इनमें हजारा एवं विट्ठल स्वामी मंदिर विशेष प्रसिद्ध है | मंदिरों में गोपुरम तथा विशाल मंडप बनवाए जाते थे |

प्रश्न 9 : कमल महल कहां है ? इसका क्या उपयोग था ?

उत्तर : कमल महल हंपी में है | कमल महल शाही केंद्र का एक सर्वाधिक भव्य भवन है | संभवतः इस भवन का प्रयोग राजा अपने सलाहकारों से मिलने के लिए करता था |

प्रश्न 10 : कमल महल के बारे में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर : कमल महल विजयनगर की एक सुंदर इमारत है | इस महल की ऊपरी संरचना कमल की तरह दिखती है | अतः 19वी सदी के अंग्रेज यात्री ने इसका नामकरण कमल महल किया | संभवतः इस भवन का प्रयोग राजा अपने सलाहकारों से मिलने के लिए करता था |

प्रश्न 11 : हंपी के राजभवन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें |

उत्तर : हंपी का राजभवन भी स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना है | इसमें एक राजा का दरबार हॉल और दूसरा सिहासन मंच प्रमुख है | सिहासन मंच को एक विजयभवन के नाम से भी जाना जाता है | यह कृष्ण देव राय द्वारा उड़ीसा विजय के उपलक्ष्य में बनवाया गया था |इस राजभवन में महारानी स्नानघर भी निर्मित था | राजभवन की दीवारों पर फुल , पत्ती व मनुष्यों की सुंदर आकृतियां निर्मित की गई थी |

प्रश्न 12 : विरुपाक्ष मंदिर की विशेषताएं बताएं |

उत्तर : विरुपाक्ष मंदिर की दो विशेषताएं निम्न है –

यह मंदिर हंपी में स्थित है | यह मंदिर शिव के दूसरे रूप विरुपाक्ष और उनकी पत्नी देवी पंपा का है |
रावण द्वारा लंका ले जाने के दौरान शिवलिंग को यहां रखने से यह विरुपाक्ष मंदिर बना |

प्रश्न 13 : विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने और कैसे की ?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर : विजयनगर दक्षिण में हिंदुओं का एक साम्राज्य था | मुहम्मद बिन तुगलक के शासन काल में 1336 में हरिहर तथा बुक्का दो भाई ने मिलकर मुस्लिम आक्रमण को रोकने के उद्देश्य से तुंगभद्रा नदी के दक्षिण किनारे पर इस राज्य की स्थापना की थी | यह लगभग 200 वर्ष तक चलता रहा | विजय नगर का सबसे प्रसिद्ध राजा कृष्णदेव राय था |

प्रश्न 14 : गोपुरम" व "मंडप" से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर : दक्षिण के मंदिरों के ऊंचे द्वारों को गोपुरम कहा जाता था । यह मंदिर के प्रवेश द्वार थे । जबकि मंदिर परिसर को मंडप कहा जाता था । यह मंदिर में बने सभागार थे।

https://www.evidyarthi.in/